VIVEKANANDA VIDYA MANDIR

(A C.B.S.E. Affiliated New Generation English Medium Co-Ed School)

From KG to Class XII
Run By:
SRI RAMAKRISHNA SEVA SANGHA

RANCHI
ESTD 1970

Ref :.......................... *Date :..........................*

VVM/2016- 24th December 2016

प्रेस विज्ञप्ति

46वाँ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता विवेकानन्द विद्या मंदिर एच.ई.सी. परिसर, धुर्वा, रांची–4 के प्रांगण में दिनांक 24.12.2016 को आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आरंभ प्रातः 11 बजे दैनिक प्रार्थना से हुआ। प्रबंध समिति के सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा ने शॉल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समिति के सदस्यगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने मशाल प्रज्ज्वलित करके झंडोतोलन किया। हेड बॉय विवेक साहा के शपथ ग्रहण के बाद प्रतियोगिता विधिवत आरंभ हुई। विद्यालय के कैडेट्स रंग–बिरंगे परिधान में मार्च पास्ट करते हुए झंडे को सलामी दिए। कैडेट्स विवेकानन्द हाउस, महात्मा गांधी हाउस, रविन्द्रनाथ टैगोर हाउस, होमी भाभा हाउस, बिरसा मुण्डा हाउस तथा माँ शारदा हाउस में विभक्त थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री डी.के.पाण्डेय, आई.पी.एस., डीजीपी, झारखण्ड ने अपने प्रेरक अभिभाषण के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि **"आने वाली पीढ़ी का भविष्य बच्चों के हाथ में ही सुरक्षित है। अतः माता–पिता की भूमिका सक्रिय होना चाहिए। बच्चे फोन, लैपटॉप आदि का प्रयोग किस प्रकार कर रहे हैं? उसका दुरूपयोग तो नहीं कर रहे हैं? लड़कियों की सुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने "शक्ति एप" की चर्चा की। फोन में इस एप को प्ले स्टोर द्वारा डाउनलोड कर लाल बटन दबा कर सीधे सुरक्षा कर्मियों द्वारा जुड़ा जा सकता है। आनेवाले वर्षों में लड़कियों को "पुलिस सुरक्षा बल" के साथ जोड़ने के लिए उनकी भारी संख्या में बहाली की जाएगी। बच्चे तथा बच्चियाँ विधिवत अपने अध्ययन पर ध्यान दें। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय बैण्ड ग्रुप की प्रशंसा करते हुए उचित सहायता भी देने की बात कही।"**

श्री अभय कुमार मिश्रा, सचिव, स्कुल प्रबंधन समिति ने अपने वक्तव्य में खेलकुद के महत्व की चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि विवेकानन्द विद्या मंदिर स्वामी विवेकानन्द के मैन–मेकिंग एडुकेशन के विचार पर आधारित विद्यालय है। विद्या का अतिम उद्देश्य मानवता है।

कार्यक्रम की शुरूआत में "रूक जाना नहीं" शीर्षक के अन्तर्गत नृत्य करते हुए हर परिस्थिति में आगे बढ़ते रहने का हौसला बुलन्द किया। चाहे अन्ततः आप अकेले ही क्यों न रह जाएं।बच्चों के द्वारा रंग–बिरंगे परिधानों में नृत्य के साथ संगीतमय ड्रील प्रस्तुत किया गया। योगा का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक गण भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन हेड गर्ल अक्षया राज ने किया। समापन उत्सव के बाद सभी ने राष्ट्रीय गान गाए और पुनः मिलने की उम्मीद के साथ विदा हुए।

(ब्रह्मानन्द द्विवेदी)
प्रचार्य

SECTOR II, JAGARNATH NAGAR, DHURWA, RANCHI – 834 004
Tel : (0651)2440954, 2441422 Fax: 2441422
Email : vvm.ranchi@gmail.com, vivekananda_mandir@yahoo.co.in